**<u>प्रादेशिक समाचार</u>**
**<u>दिनांक–20.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>**

**<u>मुख्य समाचार</u>**

1. **उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन आज नामांकन करेंगे दाखिल, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी कल भरेंगे पर्चा।**
2. **भाजपा सांसद आदित्य साहु ने राज्यसभा में उठाया सूर्या हांसदा के एनकाउंटर का मामला, कहा–खनन माफियाओं के इशारे में की गयी है हत्या।**
3. **राज्य में नक्सलवाद के उन्मूलन को लेकर आईजी अभियान ने की महत्वपूर्ण बैठक, माओवादियों और स्प्लिंटर गुटों के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक–रुक कर लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने 25 अगस्त तक तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की दी चेतावनी।**
5. **राज्य स्तरीय नेहरु हॉकी प्रतियोगिता में अंडर– 17 बालिका वर्ग में रांची और सिमडेगा की टीम फाइनल में, बालक वर्ग में खूंटी और हजारीबाग के बीच होगा खिताबी मुकाबला।**

**********************

उप–राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन आज नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले कल एनडीए संसदीय दल की नई दिल्ली में बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के नेताओं से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया और सभी दलों के सांसदों से श्री राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की। इस बीच, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने उप–राष्ट्रपति पद के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है। वे कल अपनी नामजदगी के पर्चे भरेंगे। उप–राष्ट्रपति पद का चुनाव अगले महीने की 9 तारीख को होना है। कल नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख है। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को होगी।

**********************

गोड्डा के सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले पर राजनीति तेज हो गयी है। राज्यसभा में भाजपा के सांसद आदित्य साहू ने कल इस मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि खनन माफिया के इशारे पर सूर्या हांसदा की हत्या की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासियों की हितैषी बनने का दिखावा करने वाली हेमंत सरकार में आदिवासी सुरक्षित नहीं हैं।

**********************

इस बीच राज्य में सत्तारुढ़ झामुमो के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में विपक्ष मुद्दाविहीन हो गया है।

**********************

राज्य में नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए प्रयास तेज कर दिये गये हैं। इस सिलसिले में झारखंड पुलिस मुख्यालय में आईजी अभियान डॉ माइकलराज एस की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई, बैठक के दौरान 10 जून को दिए गए पिछले निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक में माओवादियों और स्प्लिंटर गुटों के खिलाफ चल रहे अभियानों को और तेज करने पर जोर दिया गया। बैठक में पलामू क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों के खिलाफ विशेष रूप से कड़ा रुख अपनाने का फैसला लिया गया।

**********************

हजारीबाग में देह व्यापार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में एक साथ आठ टीमों ने एनएच किनारे संचालित विभिन्न होटलों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान करीब दो दर्जन युवक–युवतियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रशासन ने इन होटलों को भी सील कर दिया है। एसडीओ बैद्यनाथ कामती ने कहा है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**********************

पूर्वी सिंहभूम जिले में मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2025 –26 के लिए बड़ी संख्या में स्कूलों ने आवेदन किये हैं। और जानकारी दे रहे

**********************

- पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने कल देर शाम एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाइयां बरामद की हैं। इस सिलसिले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।
- रांची के कांके रोड स्थित सीसीएल के गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में 22 अगस्त को सुबह 9 बजे से हृदय रोग से जुड़ा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में दिल्ली के मैक्स अस्पताल के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव राठी मरीजों की जांच करेंगे।
- लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग में कल देर शाम जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी की। लगभग 1 घंटे तक चली छापेमारी में टीम को किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटे से रुक रुक कर लगातार हो रही बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी और ओड़िशा के समुद्र तट पर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से इसका असर झारखंड पर भी पड़ा है। इससे 25 अगस्त तक झारखंड के अलग–अलग इलाकों में गर्जन, वज्रपात, तेज हवा और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

**********************

रांची में आयोजित जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में रांची, खूंटी, हजारीबाग और सिमडेगा की टीमें अलग–अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गयी हैं। बालिका अंडर–17 वर्ग के पहले सेमीफाइनल में रांची ने खूंटी को 6–0 से, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिमडेगा ने हजारीबाग को 8–0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, खूंटी और हजारीबाग की टीमों ने अपने मुकाबले जीत कर बालक अंडर–17 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। उधर, सिमडेगा और खूंटी की टीमें बालक अंडर–15 के फाइनल में पहुंच गयी हैं।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने शराब घोटाला मामले के आरोपी आईएएस अधिकारी विनय चौबे को मिली जमानत की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– हाईकोर्ट ने नगर निगम से पूछा– कितने डीम्ड नक्शे पास किये गये, दो साल का रिकार्ड दें।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– पीएम, सीएम मंत्री गिरफ्तार हुए तो छोड़ना पड़ेगा पद, आज पेश होगा बिल।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– सीजीएलः डीएसपी का जवाब खारिज, एसपी को शपथ पत्र देने का निर्देश।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– दक्षिण बनाम दक्षिण हुआ उपराष्ट्रपति चुनाव।

********समाप्त*************